Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-05-2006

Participants : Agarwal Shri Dhirendra

an>

Title : Need to take steps for early completion of Karanpura Super Thermal Power Plant at Chatra, Jharkhand.

डॉ. धीरेन्द्र अग्रवाल (चतरा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र चतरा में कर्णपुरा सुपर थर्मल प्लांट की आधारशिला दो दो बार रखी गयी, परन्तु इस पर कार्य नहीं हो रहा है। इस पॉवर प्लांट की शुरूआत झारखंड में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए इस प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव रखा था, जिससे झारखंड में खान एवं खनिज पदार्थ आधारित उद्योग की स्थापना की जा सके। इस संबंध में एक प्रश्न के उत्तर में माननीय मंत्री जी ने जवाब दिया है कि झारखंड में बिजली की इतनी आवश्यकता नहीं है।

महोदय, एक तरफ भारत निर्माण की योजनाओं के तहत विद्युत उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ माननीय विद्युत मंत्री जी इस तरह का उत्तर दे रहे हैं कि झारखंड में विद्युत की आवश्यकता ही नहीं है।

सदन के माध्यम से माननीय विद्युत मंत्री जी से अनुरोध है कि चतरा में स्थित कर्णपुरा सुपर थर्मल पॉवर प्लांट को शीघ्र पूरा किया जाये।